53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 23.7°c अधिकतम 30.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:42, सूर्यास्त - 7:06 | वर्ष : 53/अंक : 217 बृहस्पतिवार, 07 अगस्त 2025 श्रावण, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

डिग्रियां तो आपके पढ़ाई के खर्चे की रसीदे हैं, ज्ञान वही है, जो आपके किरदार में झलकता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

जो लोग तुष्टिकरण की राजनीति करके सत्ता में आते थे वे आज घर के हैं न घाट के : योगी

जब वे घर से घाट और घाट से घर जाते हुए कुछ बोलते हैं.... तो कोई सुनता नहीं.....


॥ श्री महावीराय नमः ॥



अत्यन्त शोक के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि श्रीमती प्रेमलता जैन
(धर्मपत्नी स्व. कामरेड श्री सुरेन्द्र कुमार जैन, प्रख्यात- बैंकिंग ट्रेड यूनियन लीडर
एवं पूर्व चेयरमैन नगर पालिका, खतौली)
का स्वर्गवास रविवार, 3 अगस्त 2025 को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

**श्रद्धांजलि सभा**

आज दिन- बृहस्पतिवार, 7 अगस्त 2025, दोपहर 2:00 बजे
आशीर्वाद बैंकेट हॉल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर पर होनी निश्चित हुई है।

**-: शोकाकुल परिवार:-**

राजीव जैन – पूनम जैन (पुत्र-पुत्रवधू)
संजय जैन - रीना जैन (पुत्र-पुत्रवधू)
मंजू जैन - विजय जैन (पुत्री-दामाद) (ईवान हॉस्पिटल)
नमन जैन – राशि जैन (पौत्र-पौत्रवधू)
अथर्व जैन (प्रपौत्र)

प्रतिष्ठान :- सुरेन्द्र कुमार सुभाष चन्द | एन.एस. शुगर
एस.पी. मार्किट, वकील रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

निज निवासः-
34, प्रेम विहार , जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
M.: 9927024480, 9412212273, 7060488515

कृपया पगड़ी लाने का कष्ट न करें।

**श्रद्धांजलि**



**श्रीमती प्रेमलता जैन**

**प्रेम विहार कॉलोनी (ट्रस्ट)**

हम सब प्रेम विहार कॉलोनी निवासी, अपनी कॉलोनी के संस्थापक- सचिव कामरेड स्वर्गीय सुरेंद्र कुमार जैन की धर्मपत्नी तथा वर्तमान अध्यक्ष श्री राजीव जैन की पूज्य माताजी श्रीमती प्रेमलता जैन के निधन पर अत्यंत व्यथित हैं। कॉलोनी की स्थापना के समय से ही कॉलोनी का हर निवासी उनसे जुड़ाव महसूस करता था।उनके द्वारा दिया गया बड़ों को सम्मान, छोटों को स्नेह तथा बच्चों को एक समान प्यार अनुकरणीय है। हर परिवार के दु:ख में सांत्वना देकर तथा खुशी के अवसर पर उनकी खुशी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर उन्होंने प्रत्येक के हृदय में वास कर लिया था। उनका जाना हमारे सिरों पर से वरद हस्त का चले जाना है जिसकी किसी भी तरह भरपाई होना असंभव है। उनकी बीमारी के समय परिवारजनों द्वारा की गई उनकी सेवा प्रशंसनीय है जिसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं। दु:ख की इस घड़ी में हम दिवंगत आत्मा को अश्रु-पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और परमपिता परमेश्वर से हाथ जोड़कर प्रार्थना करते हैं कि वह इस पुण्य-आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देकर स्थाई शांति प्रदान करें एवं प्रियजनों व परिवारजनों को इस दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करे।

ॐ शांति - ॐ शांति -ॐ शांति

आर. पी. शर्मा (सचिव)

**श्रद्धांजलि**



**श्रीमती प्रेमलता जैन**

**श्री कुन्द-कुन्द जैन पी. जी. कॉलेज, खतौली, मुजफ्फरनगर**

की कार्यकारिणी अपने पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय श्री एस. के. जैन की धर्मपत्नी एवं वर्तमान अध्यक्ष श्री संजय जैन की पूज्य माताजी श्रीमती प्रेमलता जैन के निधन पर अत्यंत दुखी हैं। श्रीमती प्रेमलता जैन अपने धर्म की अद्वितीय अनुयायी, दयावान, सरल स्वभावी, मृदुभाषी एवं स्नेह तथा वात्सल्य की प्रतिमूर्ति थी। दु:ख की इस घड़ी में हम उनके प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं एवं दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

मुकेश कुमार जैन (एडवोकेट)
मंत्री

**श्रद्धांजलि**



**श्रीमती प्रेमलता जैन**

**हम श्री कुन्द कुन्द जैन इंटर कॉलेज, खतौली, मुजफ्फरनगर**

के सभी अध्यापक एवं स्टाफ सदस्य अपने कॉलेज में शिक्षा के विस्तार के मार्गदर्शक एवं प्रेरणा-स्रोत रहे स्वर्गीय श्री एस. के. जैन की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता जैन के स्वर्गवासी होने पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। श्रीमती जैन हम सभी पर परिवार समान स्नेह रखती थी। उनका आशीर्वाद हमें हमेशा शांति व सुरक्षा कवच का अनुभव कराता था। वास्तव में वे जैन धर्म में आस्था तथा धार्मिक परंपराओं के निर्वहन का एक आदर्श रूप थी। ऐसी पवित्र व अनुकरणीय दिवंगत आत्मा को हम अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें अपने चरणों में स्थान देकर शांति प्रदान करें तथा परिजनों को इस असह्य दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करे।

अनुराग जैन ( प्रधानाचार्य)

**श्रद्धांजलि**



**श्रीमती प्रेमलता जैन**

**नई मंडी क्लब (रजि.) वकील रोड, नई मंडी, मुजफ्फरनगर**

के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य अपने पूर्व मंत्री श्री एस. के. जैन की धर्मपत्नी एवं वर्तमान मंत्री श्री संजय जैन की पूज्य माताजी श्रीमती प्रेमलता जैन के देहावसान पर शोक संतप्त हैं। श्रीमती जैन निश्छल, करूणामयी, दयालु व्यक्तित्व की धनी एवं धर्म परायण महिला थी। उनके उच्च आचार-विचार, सरलतम रहन-सहन, कोमल हृदयता उन्हें गृहस्थ जैन साध्वी की श्रेणी प्रदान करती है। हम इस पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं तथा प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें अपने चरणों में स्थान देकर चिरस्थाई शांति प्रदान करे और परिवारजनों को इस असीम दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करे।

सुरेंद्र कुमार शर्मा (एडवोकेट)
अध्यक्ष

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/अंक : 217 बृहस्पतिवार, 07 अगस्त 2025 श्रावण, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये 

# शाहबुद्दीनपुर में एएनएम की गला रेतकर निर्मम हत्या



**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** बुधवार की रात लगभग 9 बजे उस समय शाहबुद्दीनपुर रोड पर पूरे गांव में सनसनी फैल गयी, जब क्षेत्र के लोगों को सूचना मिली कि क्षेत्र की ही एक महिला जिसका नाम बबीता है अपने ही घर के बेड पर गर्दन कटी अवस्था में मिली है। सूचना पर सैकड़ों लोगों की भीड़ महिला के घर पर एकत्र हो गयी और तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी गयी। घटना की सूचना पर सीओ सिटी सहित शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। इसी बीच क्षेत्र के लोगों ने ही शक के आधार पर ही एक युवक को धर दबोचा और उसकी जमकर धुनाई भी कर दी। सीओ सिटी राजू कुमार साव ने जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही हत्यारा पुलिस की पकड़ में होगा, क्योंकि पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज की छानबीन की गयी है, उसमें घर में प्रवेश करते हुए एक युवक दिखाई पड़ रहा है। आपको बता दें कि रात्रि लगभग 11 बजे तक पूरे क्षेत्र में सनसनीखेज हत्या को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं तो व्याप्त थी ही, तकरीबन दो घंटे तक एएनएम बबीता के घर पर सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। क्षेत्र के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहबुद्दीनपुर निवासी बबीता चरथावल सीएचसी में एएनएम के पद पर कार्यरत थी और उसका पुत्र गौरव रेलवे विभाग में नौकरी करता है। बेटे को इस बात की सूचना क्षेत्र के लोगों द्वारा दे दी गयी है और जल्द ही पूरे रहस्य से पर्दा हटने की संभावना है।

## हत्या के बाद भीड़ ने दो युवकों को किया अधमरा

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** शाहबुद्दीनपुर गांव में लगभग 55 वर्षीय महिला की हत्या के बाद तरह तरह की चर्चाएं तो व्याप्त हुई ही, साथ ही साथ जब एक युवक के घर में घुसने की सूचना फैली तो एक संदिग्ध युवक की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई तो की ही गयी, साथ ही साथ एक निर्दोष युवक की पिटाई भी होना बताया गया। जैसा कि सबको ज्ञात है कि भीड़ का कोई रूप नहीं होता, भीड़ कब जानलेवा हो जाए, यह कई बार देखा जा चुका है। ठीक वैसा ही बुधवार की रात भी देखा गया, जब जनकपुरी से आए एक युवक अभिषेक की भीड़ ने बिना वजह ही पिटाई कर डाली। मगर भीड़ को बाद में एहसास हुआ कि उनसे यह गलत हो गया मगर तब तक बहुत देर हो चुकी थी, क्योंकि उक्त युवक अधमरी हालत में पहुंच गया था। आनन-फानन में पुलिस ने पब्लिक द्वारा पीटे गए एक युवक को गाड़ी में बैठाया तो क्षेत्र के लोग आक्रोशित हो गये और गाड़ी का रास्ता रोक लिया और युवक को ले जाने से रोकने लगे। इस पर पुलिस ने समझा-बुझाकर युवक को भीड़ से निकाला औरर थाने ले गयी। देर रात तक पुलिस इस युवक को उपचार दिलाने के साथ-साथ पूछताछ करती रही। समाचार लिखे जाने तक पुलिस युवक से कोई राज नहीं उगलवा सकी थी। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही इनमें से एक युवक घटनाक्रम के बारे में कुछ कबूल कर सकता है।





# मॉब लिंचिंग : भीड़ की पिटाई से बस घायल परिचालक की अस्पताल में मौत

▶▶ बस की टक्कर से बाइक सवार युवकों के घायल होने पर गुस्साई भीड़ ने की थी पिटाई

**मीरापुर, 06 अगस्त (बु.)।** तीन दिन पूर्व मीरापुर बस स्टैंड के समीप बस की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए थे, जिसके बाद गुस्साई भीड़ ने बस चला रहे परिचालक की जमकर पिटाई की थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल परिचालक की उपचार के दौरान दिल्ली के एक अस्पताल में मौत हो गयी। मृतक के पुत्र ने सात लोगों को नामजद व 15-20 अज्ञात युवकों पर अपने पिता की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।



सोमवार की देर शाम मीरापुर में बस स्टैंड के समीप मुजफ्फरनगर की ओर से आ रही मुजफ्फरनगर-बहसूमा मार्ग की एक प्राइवेट बस के ब्रेक फेल हो गए थे, जिस कारण अनियंत्रित हुई बस की टक्कर लगने से मीरापुर के मौहल्ला कमलियान निवासी बाइक सवार दो युवक शाहआलम पुत्र साबिर व सावेज पुत्र इसराइल घायल हो गए थे। दुर्घटना के समय बस को परिचालक मुकेश पुत्र सोमपाल(45 वर्ष) निवासी भूम्मा चला रहा था। दुर्घटना के बाद घायल बाइक सवार युवकों के परिचित लोगों की भीड़ ने बस चला रहे परिचालक मुकेश की जमकर पिटाई की थी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया था।सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुँच गई थी तथा भीड़ के चंगुल से बामुश्किल परिचालक को छुड़ाया था। सूचना पर घायल परिचालक मुकेश के परिजन भी मौके पर आ गए थे और परिजन उसे मुजफ्फरनगर अस्पताल ले गए थे, जहाँ से चिकित्सकों ने घायल परिचालक मुकेश को दिल्ली रैफर कर दिया था। मंगलवार की देर रात्रि दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान मुकेश की मौत हो गयी। मुकेश की मौत की सूचना पर मीरापुर पुलिस उसका पंचनामा भरने के लिए रात्रि में ही दिल्ली चली गई थी। मृतक के पुत्र अक्षय ने कासिफ पुत्र लईक, भूरा, रहीस, हाफिजी, हसीन पुत्रगण इदरीश व जावेद तथा नईम निवासीगण भूम्मा रोड मीरापुर को नामजद व 15-20 अज्ञात लोगों पर अपने पिता की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाते मुकदमा दर्ज कराया है। देर शाम तक मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद दिल्ली से भूम्मा पहुँचेगा।

*...इन्होंने कहा मृतक मुकेश के पुत्र की तहरीर पर सात नामजद व 15-20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कार्यवाही की जा रही है जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।*

*▶▶ बबलू कुमार वर्मा इंस्पेक्टर मीरापुर*

# लगातार बारिश के चलते मकान का छज्जा गिरा, आधा दर्जन लोग दबे

**मीरापुर, 06 अगस्त (बु.)।** मीरापुर क्षेत्र के गांव कुतुबपुर में एक मकान का छज्जा गिरने से एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग नीचे दब गए और बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मेरठ के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ एक घायल की हालत चिंताजनक बनी हुई है। मीरापुर क्षेत्र में रविवार की रात्रि से भयंकर बारिश हो रही है। बारिश के चलते क्षेत्र में तीन कच्चे मकान भी गिर चुके हैं। सोमवार को खतौली रोड पर एक युवक जीशान की मौत भी मकान की छत गिरने के दौरान मलबे के नीचे दबने से हो गयी थी। मंगलवार की देर रात्रि गांव कुतुबपुर निवासी जयवीर पुत्र खजान सिंह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर के बरामदे में छज्जे के नीचे बैठा हुआ था, तभी अचानक उसके मकान का छज्जा भर-भराकर नीचे गिर गया तथा जयवीर व उसके पुत्र अर्जुन, ललित व विकास, पुत्री ललिता व पुत्रवधू ममतेश छज्जे के नीचे दब गए। इस दौरान मौके पर चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुँचे तथा मलबा हटाकर छज्जे के नीचे दबे सभी लोगों को बाहर निकाला तथा एम्बुलेंस बुलाकर सभी घायलों को उपचार के लिए मीरापुर के एक चिकित्सक के यहां ले गए, किन्तु चिकित्सक ने सभी घायलों को मेरठ रैफर कर दिया, जहाँ सभी का उपचार चल रहा है। घायलों में शामिल अर्जुन व ललिता के पैर टूट गए तथा विकास के हाथ की उंगली कट गयी।



# नई मंडी में बिजली को लेकर फिर हा-हाकार, ये तो जनता ही पूछेगी, क्या कर रही यहां की सरकार... ?

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** यह बताने की तो शायद अब आवश्यकता नहीं रही कि इस सरकार में अधिकारी कितने सिर चढ़कर बोल रहे हैं, क्योंकि अधिकारी नेताओं के कंट्रोल से कतई बाहर हैं। इसलिये इसका विशलेषण करने की आवश्यकता नहीं है, मगर इतना तय है कि मुजफ्फरनगर शहरी सीट पर इस बार भाजपा को पलीता लगना माना जा रहा है, क्योंकि जिन भाजपाईयों को पलकों पर बैठाकर आम जनता ने कभी विधायक, कभी चेयरमैन तो कभी सांसद की सीट सौंपी है, उनमें से कोई भी जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया है। सिर्फ सीएम योगी आदित्यनाथ व देश के पीएम नरेन्द्र मोदी का चेहरा देखकर हर बार भाजपाईयों ने जमकर वोट बटोरे, मगर पिछले दस सालों में कैसा विकास हुआ, शायद इस बात की चर्चा करने की भी आवश्यकता नहीं है। ना सड़क, ना बिजली, ना पानी नेताओं के पास हमेशा रही जनता को बताने को नई-नई कहानी। कभी जनता को यह बताना कि हमने अधिकारियों को फटकार लगा दी है, कभी यह बताना कि हमारी बातचीत चल रही है। बस इन्हीं सब बातों में सिंगल, डबल, ट्रिपल सरकार के कई साल गुजर गये, मगर सुधार के नाम पर कम से कम इस जिले में तो कुछ नहीं हो सका। लगातार भ्रष्टाचार की पोल तो खुल ही रही है, साथ ही साथ जनता विद्युत विभाग के कृत्यों से पूरी तरह तंग आ चुकी है और भाजपा शासन से धीरे-धीरे स्वयं उन्हीं के वोटरों का मन खट्टा होने लगा है। नई मंडी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों खास नई मंडी, भरतिया कॉलोनी, जैन मिलन विहार, लक्ष्मण विहार, अवध विहार आदि सभी इलाकों की बिजली बुधवार की दोपहर से ही गायब कर दी गयी। कारण पूछने पर वहीं पुराना घिसा-पिटा बहाना कि विद्युत लाइन में कोई बड़ा फाल्ट आ गया है। कुछ देर लाइट का आना फिर चले जाना कुल मिलाकर आठ घंटों में एक घंटा लाइट आयी और जेई ने उसके बाद फोन उठाने ही बंद कर दिये। देर रात 11 बजे विद्युत आने का का वायदा जनता से किया गया, मगर समाचार लिखे जाने तक 11:26 मिनट तक नई मंडी में कोई लाईट नहीं दी गयी। ऐसे में व्हाटसग्रुपों पर जनता ने अधिकारियों को नहीं नेताओं को जमकर कोसा और खुलकर ग्रुपों पर लिखा कि इस बार शहरी सीट से भी भाजपा का सूपड़ा साफ हो जायेगा, क्योंकि भाजपाईयों के हाथ में डायलॉग मारने के अलावा कुछ नहीं रहा है। लोगों ने यहां तक कहा कि प्रदेश में भी जैसी दुर्दशा सरकारी अधिकारियों ने कर रखी है, उसमें भी यदि जनता के पास कोई बेहतर विकल्प होगा तो शायद मजबूरी में इस विकल्प को भी जनता इस बार अपनाने को तैयार रहेगी। कई लोगों ने तो यहां तक कहा कि इस बार नई मंडी से सपा सांसद को जमकर वोट मिले हैं, ऐसा ना हो आने वाले दिनों में नई मंडी में विधानसभा चुनाव में भी यही हाल ना हो। कुल मिलाकर नई मंडी के नागरिक विद्युत विभाग के कृत्यों से पूरी तरह तंग आ चुके हैं। ऐसा ही दुर्दशा विद्युत विभाग ने नई मंडी के नागरिकों की वर्ष 2024 में भी की थी, जहां तीन दिन तक लाईट नहीं आयी थी। मगर 2024 से 25 तक फिल्मी डॉयलॉग मारने के अलावा ना अधिकारी कुछ कर पाये और ना ही नेता कुछ कर पाये। अब राम जाने 2027 में भाजपाईयों का कौन सा नया मंत्र जनता में फूंककर उनसे वोट बटोरे जायेंगे, फिलहाल तो स्थिति यह लग रही है कि राम नाम पर भी भाजपाईयों को जनता वोट नहीं देगी।

# वर्षा के चलते दीवार गिरने से राह चलते एक बालक सहित तीन व्यक्ति घायल

**चरथावल, 06 अगस्त (बु.)।** थानाक्षेत्र के ग्राम खुसरोपुर में कई दिनों से हो रही लगातार वर्षा के चलते एक ग्रामीण की दीवार गिरने से राह चलते एक बालक सहित तीन व्यक्ति घायल हो गये। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सूचना पर सीओ सदर व राजस्व टीम ने पहुंचकर जानकारी ली। वहीं सूचना पर भाकियू अराजनीतिक के ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान व समाजसेवी अहतशाम राणा मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मामले की जानकारी ली। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम खुसरोपुर निवासी बुन्दू पुत्र गय्यूर की घेर की दीवार कई दिनों से लगातार हो रही बरसात के कारण अचानक रास्ते की ओर गिर गयी। अचानक दीवार गिरने से रास्ते से जा रहे पांच वर्षीय शहबान पुत्र फुरकान, बाइस वर्षीय अरमान व अरहम 18वर्ष मलबे में दब गये। चीख-पुकार होने पर ग्रामीण दौड़े और तीनों को मलबे से निकाला। तीनों घायलों को चरथावल सीएचसी में भर्ती कराया गया। बच्चे की हालत गम्भीर देखते हुए उसे हायर सेंटर भेज दिया गया। सूचना पर राजस्व टीम के हिंडन चौकी प्रभारी राजेश शर्मा, मिलन चौधरी आदि पहुंचे साथ ही मौके पर पहुंचे सीओ सदर देवव्रत वाजपेई ने बताया कि उन्होंने मौके पर जाकर जानकारी ली और घायलों का हाल जाना, वहीं ग्रामीणों को सहयोग का आश्वासन दिया, वहीं सूचना पर भाकियू अराजनीतिक के ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान व समाजसेवी अहतशाम राणा मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मामले की जानकारी ली।



## बीमारी से तंग महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (बु.)।** बीमारी के चलते थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला पुरुषार्थी कॉलोनी में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। बुधवार को थाना सिविल लाइन पुलिस को जानकारी मिली कि क्षेत्र के मोहल्ला पुरुषार्थी कॉलोनी में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस पर थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। परिजनों का कहना है कि महिला पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी, जिस कारण वह तनाव में थी। बीमारी के कारण ही महिला ने आत्महत्या की है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# पीड़िता ने की बेहूदगी की हदें पार, काहे का डीएम, जब न्याय नहीं दिला सकते

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** जानसठ तहसील के गांव कवाल की एक महिला ने कलेक्ट्रेट में उस समय बेहूदगी की सारी हदें पार कर दी, जब कहने को तो महिला बेबी अपनी पुत्री शालू के लिए न्याय की गुहार लगाने आई थी। बेबी ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़का तो महिला पुलिसकर्मियों ने तुरन्त उसके हाथों से पेट्रोल छीन लिया और उनके दोनों हाथ पकड़ लिये। इसके बाद जो बदतमीजी बेबी द्वारा की गयी, वह नाकाबिले बर्दाश्त थी। बेबी ने बड़े बदमिजाज तरीके से कहा कि काहे का डीएम जब न्याय ही नहीं दिला सकता। तुम लोगों ने ही डीएम को सिर पर चढ़ा रखा है। इतना ही नहीं उसने कवाल के दरोगा पर भी जमकर आरोप लगाए कि वह उसकी पुत्री शालू के ससुराल वालों से साज खाकर बैठे हैं, तभी तो उसकी पुत्री को न्याय नहीं मिल पा रहा। शालू का आरोप था कि कई बार थाने महिला हेल्पलाइन और अधिकारियों की चौखट पर ठोकरें खाने के बाद भी आज पूरे परिवार ने तीन छोटे बच्चों सहित आत्महत्या का फैसला किया था और तेल साथ लेकर आई थी। पुलिस ने जिलाधिकारी के नाम पर बदसलूकी देखते ही दोनों महिलाओं व तीनों बच्चों को गाड़ी में बैठाया और थाना सिविल लाइन ले आई। बताया जाता है कि वहां से उन्हें समझा-बुझाकर कार्यवाही का आश्वासन देकर वापस भेज दिया गया मगर जिलाधिकारी के लिए कहे गए शब्दों पर दोनों महिलाओं के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई। शायद दोनों महिलाओं को इतनी बदतमीजी करने के बाद भी तीन छोटे बच्चे होने की सहानुभूति का लाभ पुलिस द्वारा मजबूरन देना पड़ा।





# उत्तराखंड के बाद अब हिमाचल के किन्नौर में बादल फटा, कैलाश मानसरोवर यात्रा रुकी

**रिकांगपियो, 6 अगस्त (एजेंसी)।** पहले उत्तराखंड और अब हिमाचल के पहाड़ों पर मानसून की बारिश आफत लेकर आई है। हिमाचल के किन्नौर स्थित तंगलिंग में बुधवार को बादल फटने से बाढ़ जैसे हालात हो गए। घटना का एक भयावह वीडियो सामने आया है, जिसमें पहाड़ से चट्टान और मलबे का सैलाब नीचे सड़क पर गिरते दिखा।

## आईटीबीपी ने जिपलाइन के जरिए 413 तीर्थ यात्रियों को बचाया

अचानक आई बाढ़ से कैलाश यात्रा रूट पर दो पुल बह गए। बाकी का रास्ता भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण यात्रा रोक दी गई है। कई श्रद्धालु फंसे हुए हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की टीम ने जिपलाइन की मदद से 413 तीर्थयात्रियों को बचाया है। किन्नौर के रिब्बा गांव के पास रालडांग खड्ड में भी बादल फटा। इससे नेशनल हाईवे-5 भी बंद हो गया है। हाईवे के लगभग 150 मीटर हिस्से पर कीचड़ और बड़े-बड़े पत्थर जमा हो गए हैं। हालांकि, हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मंगलवार रात में चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर भी लैंडस्लाइड हुई। सड़कों पर बड़ी-बड़ी चट्टान गिरने से राज्य में 500 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। शिमला, मंडी, सोलन और कुल्लू जिले में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। इससे पहले उत्तराखंड के धराली गांव में मंगलवार को बादल फटने से भारी तबाही मच गई, इसमें 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। कर्णप्रयाग में पहाड़ ढहने से बद्रीनाथ नेशनल हाईवे बंद हो गया। हरिद्वार-देहरादून रेल पर चट्टान गिरने से रेलों की आवाजाही बंद कर दी गई है।





## मसूरी में फिर फिसली पहाड़ी, लैंडस्लाइड के कारण घंटे भर बंद रही सड़क, लोग तंगहाल

**मसूरी, 6 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तराखंड के मसूरी में धनौल्टी रोड पर वुडस्टॉक स्कूल के पास की पहाड़ी लैंडस्लाइड के लिहाज से नासूर बनती जा रही है। गुरूवार 24 जुलाई को भी भारी बारिश के कारण वुडस्टॉक स्कूल से भारी मात्रा में मलबा गिरा था, जिस कारण मसूरी-धनौल्टी मार्ग करीब एक घंटे तक बंद रहा। इस दौरान बीच रास्ते में फंसे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि मसूरी में रातभर बारिश हुई थी, जिसकी वजह से पहाड़ी से काफी मलबा गिरा और पूरा रोड बंद हो गया। मुख्य मार्ग बंद होने से वैकल्पिक रास्ते पर भी कई किमी लंबा जाम लग गया था। लोगों को एनएच-70 ए होते हुए स्कूल पहुंचाना पड़ रहा था। धनौल्टी रोड पर भूस्खलन की जानकारी मिलते ही लोक निर्माण विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। अधिशासी अभियंता जितेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सूचना मिलते ही विभाग की ओर से तत्काल जेसीबी मशीन मौके पर भेजी गई और करीब एक घंटे के अंदर मार्ग को खोल दिया गया। उन्होंने बताया कि मलबा एक निजी संपत्ति से आ रहा है, जिसे चिन्हित कर लिया गया है। संबंधित संपत्ति स्वामी को शीघ्र ही नोटिस भेजा जाएगा, ताकि वह सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम कर सके और भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।



## पीएम मोदी ने सीएम धामी से की बात, धराली आपदा पर ली हर अपडेट

**देहरादून, 6 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तराखंड में हुई भारी तबाही पर केंद्र सरकार पूरी नजर बनाये हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर धराली आपदा की जानकारी ली। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बातचीत कर उत्तरकाशी जनपद के धराली क्षेत्र में हाल ही में हुई प्राकृतिक आपदा तथा राहत एवं बचाव कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री को बताया कि राज्य सरकार राहत और बचाव कार्यों में पूरी तत्परता के साथ जुटी हुई है। लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण कुछ क्षेत्रों में कठिनाइयां आ रही हैं, लेकिन सभी संबंधित एजेंसियां समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं, ताकि प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता मिल सके। प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।



## उत्तराखंड के इन पांच जिलों होगी भारी बारिश

**देहरादून, 6 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तराखंड के मौसम को लेकर विभाग ने बड़ा अलर्ट जारी किया है। उत्तरकाशी में आई तबाही के बाद मौसम विभाग ने उत्तराखंड के 5 जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 5 जिलों में भारी बारिश के साथ ही बिजली गिरने, तेज हवाओं और बहुत भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के देहरादून, हरिद्वार, टिहरी, पौड़ी गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्र के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

## भागीरथी नदी पर बना पुल बहा

**उत्तराखण्ड।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में लगातार हो रही तेज बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। क्षेत्र में मूसलाधार बारिश के चलते नदी-नालों में उफान आ गया है। भागीरथी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे नदी पर बना एक अहम पुल बह गया है। स्थानीय प्रशासन की ओर से लोगों को अलर्ट रहने की सलाह दी गई है और पुल के आसपास आवाजाही पर अस्थायी रोक लगाई गई है। एसडीआरएफ और प्रशासन की टीमें मौके पर तैनात हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के लिए भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, प्रशासन ने स्कूलों को एहतियातन बंद रखने का फैसला किया है और पहाड़ी इलाकों में यात्रा टालने की अपील की है। स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है और नदी के किनारे बसे गांवों को सतर्क रहने को कहा गया है।



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## पश्चिम का पाखण्ड, भारत की दो टूक

भारत ने ट्रम्प के टैरिफ को बर्दाश्त नहीं किया, बल्कि कड़े शब्दों में जवाब देते हुए पलटवार किया है। मोदी सरकार ने इसे 'पश्चिम का पाखंड' बताया। पूरी दुनिया में इस बात की चर्चा है कि भारत ने ट्रम्प के टैरिफ वार का जवाब दिया है। सरकार ने तर्क दिया कि जहां भारतीय रिफाइनरियां जरूरत के हिसाब से बाजार-आधारित फैसले ले रही हैं, वहीं अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे पश्चिमी देश प्राकृतिक गैस और उर्वरकों से लेकर मशीनरी और धातुओं तक, विभिन्न क्षेत्रों में रूस के साथ व्यापार करते रहे हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने दो टूक कहा कि अमेरिका और यूरोप खुद भी रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं और भारत को लेकर दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। हमारे मामले से उलट, अमेरिका और यूरोप का रूस से व्यापार किसी 'राष्ट्रीय आवश्यकता' के तहत नहीं हो रहा है। भारत के विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भारत ने रूस से तेल आयात शुरू किया था, क्योंकि यूक्रेन संघर्ष के बाद पारंपरिक सप्लाई को यूरोप की ओर मोड़ दिया गया था। उस वक्त अमेरिका ने भारत को ग्लोबल एनर्जी मार्केट की स्थिरता के लिए इस व्यापार को प्रोत्साहित भी किया था। भारत के आयात का मकसद भारतीय कंज्यूमर को सस्ती और पूर्वानुमानित एनर्जी लागत पर उपलब्ध कराना है, जो ग्लोबल मार्केट की वर्तमान परिस्थितियों के कारण बेहद जरूरी है। वहीं जो देश भारत की निंदा कर रहे हैं, वे खुद रूस के साथ व्यापार में लिप्त हैं और उनके लिए यह कोई राष्ट्रीय बाध्यता भी नहीं है। विदेश मंत्रालय ने पश्चिम के पाखण्ड को आंकड़ों के साथ स्पष्ट किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यूरोपीय संघ ने 2024 में रूस के साथ 67.5 अरब यूरो के द्विपक्षीय वस्तु व्यापार का रिकॉर्ड बनाया, जो भारत के रूस के साथ किसी भी साल के व्यापार से कहीं अधिक है। इसके अलावा, यूरोप ने 2024 में एलएनजी के आयात में नया रिकॉर्ड भी स्थापित किया है। रूस-यूरोप व्यापार में ऊर्जा के साथ-साथ फर्टिलाइजर, खनिज, केमिकल, इस्पात और मशीनरी शामिल हैं। जहां तक अमेरिका का सवाल है, वह भी रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, प्लैटिनम समूह के धातु पॉलैडियम, उर्वरक और केमिकल आयात करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत पर की जा रही इस निशानेबाजी का कोई औचित्य नहीं है और भारत अपने राष्ट्रीय हित और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। विदेश मंत्रालय की ओर से यह बयान ऐसे समय जारी हुआ है, जब ग्लोबल एनर्जी संकट और जियो-पॉलिटिकल तनाव के बीच भारत ने अपनी एनर्जी सिक्योरिटी पॉलिसी के तहत रणनीतिक फैसले लेने शुरू कर दिए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि भारत एक बड़े आर्थिक रूप में अपनी जरूरतों के अनुरूप फैसले करेगा, जो पूरी तरह से कानूनन और न्यायसंगत है। यह घोषणा भारत की विदेश नीति में आत्मनिर्भरता और रणनीतिक स्वतंत्रता के लिए अहम समझी जा रही है। दुनिया के कई अर्थशास्त्री और बुद्धिजीवी मान रहे हैं कि वॉशिंगटन की तमाम धमकियों के बावजूद ऐसा नहीं है कि भारत किसी तरह से कमजोर है। एक दमदार डिजिटल इकोनॉमी और लगातार बढ़ती उपभोक्ताओं की संख्या की वजह से भारत को डराना आसान नहीं है। भारत की रणनीतिक स्वायत्तता के प्रति अरसे से चली आ रही प्रतिबद्धता का मतलब है कि वो दुनिया की सभी प्रमुख प्रभावशाली शक्तियों से संवाद बनाए रखेगा। इन शक्तियों में पश्चिम तो शामिल है, ही लेकिन चीन, रूस और ग्लोबल साउथ भी हैं। अर्थशास्त्री कह रहे हैं कि भारत का आर्थिक विकास एक उम्मीद जगाता है, यहां महंगाई दर पिछले छह वर्षों के अपने सबसे न्यूनतम स्तर पर है। रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं और निर्यात भी अपने स्तर पर बना हुआ है। देश की अर्थव्यवस्था पटरी पर है। कल ट्रम्प से पूछा गया, भारत कहता है कि अमेरिका रूस से यूरेनियम, केमिकल्स और उर्वरक खरीदता है, लेकिन वो उनके तेल आयात पर आपत्ति जताता है, आप इसका क्या जवाब देंगे? ट्रम्प ने इस सवाल के जवाब में कहा कि मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता। मुझे इसके बारे में पता करना होगा, हम आपको इस पर बाद में जानकारी देंगे। ट्रम्प ने एक कार्यक्रम में फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोका था। कहा जा रहा है कि ट्रम्प यह दावा अब तक 30 से ज्यादा बार कर चुके हैं। भारत लगातार यह कहता रहा है कि पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम की सहमति दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच बातचीत से हुई थी। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने भी संसद में साफ कह दिया था कि दुनिया के किसी नेता के कहने से संघर्ष को नहीं रोका गया। ट्रम्प ने कहा,मैंने पिछले पांच महीनों में पांच युद्ध रोके हैं। अगर आप हाल के दो-तीन महीनों के उदाहरण देखें, तो यह अविश्वसनीय है। इस बीच, अमेरिका के विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि यूक्रेन युद्ध में अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले देशों से कैसे निपटना है, ये राष्ट्रपति ट्रम्प ही तय करेंगे। भारत के रूस से तेल खरीदारी बंद करने से इनकार करने पर टैमी ब्रूस ने कहा कि मैं किसी और देश की टिप्पणी पर कोई राय नहीं दूंगी, लेकिन मुझे इतना पता है कि राष्ट्रपति ट्रंप इस पूरे मसले को समझते हैं, और उन्हें यह पसंद नहीं कि क्या हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निकी हेली ने कहा है कि अमेरिका को भारत जैसे मजबूत सहयोगी के साथ रिश्ते खराब नहीं करने चाहिए। उन्होंने इसे लेकर एक्स पर पोस्ट किया है। उनका ये पोस्ट अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने अगले 24 घंटों में भारत पर 25 प्रतिशत से ज्यादा टैरिफ बढ़ाने की बात कही है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत रहीं निकी हेली ने एक्स पर लिखा, भारत को रूस से तेल नहीं खरीदना चाहिए, लेकिन चीन, जो हमारा एक विरोधी है और रूसी व ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीददार है, उसे टैरिफ में 90 दिनों की छूट दी गई है। चीन को छूट मत दीजिए और भारत जैसे मजबूत सहयोगी के साथ रिश्ते मत बिगाड़िए। स्टीव हांके,जिन्होंने राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन की आर्थिक सलाहकार परिषद में काम किया था। वे कहते हैं कि, राष्ट्रपति ट्रम्प का व्यक्तित्व अस्थिर है। वह सुबह आपसे हाथ मिला सकते हैं और रात में आपकी पीठ में छुरा घोंप सकते हैं। प्रोफेसर हांके का मानना है कि भारत को आवेश में आकर प्रतिक्रिया देने की बजाय, नेपोलियन की पुरानी सलाह पर ध्यान देना चाहिए, अगर कोई दुश्मन खुद को बर्बाद कर रहा हो, तो उसमें दखल मत दो।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'घर' 'छत' 'क़हर' 'अंदाज़'

घर बह गया किसी का किसी की न छत रही,
तू छत को देख टपके की आवाज़ पर न जा।
परवरदिगार बख़्श दे अब रोक दे क़हर,
इंसां के भूल जाने के अंदाज़ पर न जा।

# जनपद में इंडियन आर्मी में अग्निवीर भर्ती की तैयारियां शुरू

**- अब 21 अगस्त से 13 जिलों के युवा पहुंचेंगे जिला मुख्यालय - डीएम ने अधीनस्थों को दिए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश - चौ. चरण सिंह स्टेडियम में होगी अग्निवीर भर्ती रैली**

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** इंडियन आर्मी में अग्निवीर जवान के रूप में भविष्य में अपनी जगह बनाने वाले युवाओं के लिए 21 अगस्त से मुजफ्फरनगर जिले में एक खास मौका आने वाला है। अग्निवीर भर्ती के लिए तय तारीख के बीच भर्ती रैली 21 अगस्त से 8 सितम्बर तक मेरठ रोड स्थित चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुरू होने वाली है, जिसमें 13 जनपदों के युवा भाग ले सकेंगे। बुधवार को अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियों के बीच आर्मी अफसरों ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ भर्ती रैली स्थल का निरीक्षण करने के साथ बैठक में अन्य बिन्दुओं पर विचार मंथन भी किया है। जिला मुख्यालय स्थित चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम एवं नुमाइश ग्राउंड में 21 अगस्त से अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा, जो 8 सितंबर तक चलेगी। इस भर्ती प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं के निदान के साथ अन्य सुविधाओं को लेकर डीएम उमेश मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही सुरक्षा, चिकित्सा, पेयजल, ठहराव और यातायात से जुड़ी व्यवस्थाओं पर ध्यान देने की बात कही गई है। डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में संपन्न अग्निवीर भर्ती बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों एवं सेना के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। अग्निवीर भर्ती के तहत भारतीय सेना की ओर से 21 अगस्त से 8 सितम्बर तक रैली का आयोजन किया जाना है। चौधरी चरण सिंह स्टेडियम में होने वाली भर्ती रैली में प्रदेश के 13 जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे, इसमें मुजफ्फरनगर जिले के अलावा सहारनपुर, शामली, रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, अमरोहा, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, गाजियाबाद, बागपत, मेरठ और बुलंदशहर के अभ्यर्थी आएंगे। बैठक में सेना के भर्ती अधिकारी कर्नल सत्यजीत बेबले ने मौजूद अधिकारियों को रैली के मद्देनजर की जाने वाली व्यवस्थाओं एवं जरुरतों के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि अग्निवीर भर्ती रैली में 17 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। जनपद में प्रतिदिन लगभग 1200 अभ्यर्थी आएंगे। डीएम उमेश मिश्रा ने मौजूद रहे सभी अफसरों से आवश्यकता के अनुरूप उचित व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई, जरुरी बेरीकेडिंग, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, शौचालय, एबुंलेंस एवं चिकित्सा के साथ पथ-प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग को पर्याप्त मात्रा में बसों को संचालन करने एवं अग्निशमन विभाग को रैली स्थल पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन संजय कमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौड़, पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु सिद्धार्थ, पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, एसीएमओ, समस्त उपजिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं सेना भर्ती बोर्ड के अधिकारी मौजूद रहे।



## जनकपुरी के लोगों ने किया सभासद संग कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन



**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** नगरपालिका के वार्ड 32 मौहल्ला जनकपुरी में बेपटरी हुई सफाई व्यवस्था को सुधारने की खातिर पूर्व सभासद व सभासद पति सलेक चन्द ने डीएम दरबार में दस्तक देते हुए सफाई नायक का अन्यत्र स्थानांतरण करने की गुहार लगाई है। डीएम उमेश मिश्रा से मिले सभासद पति ने मामले में नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सफाई नायक के विरुद्ध पूर्व में हुई कार्रवाई से भी अवगत कराते हुए जनकपुरी में कोई सुधार न होने पर चिंता जताते हुए इस दिशा में कार्रवाई किए जाने की मांग की है। बुधवार को डीएम कार्यालय पर पहुंचे वार्ड 321 की सभासद सुनीता और उसके पति पालिका के पूर्व सभासद सलेक चन्द ने नगर पालिका में सफाई नायक अर्जुन द्वारा की गई लापरवाही से अवगत कराते हुए उक्त सफाई नायक का अन्यत्र तबादला किए जाने के साथ क्षेत्र की सफाई व्यवस्था में सुधार कराए जाने की मांग की। डीएम उमेश मिश्रा को सौंपे शिकायती-पत्र में सभासद ने सफाई नायक पर अभद्रता किए जाने के साथ ड्यूटी पर न आने और वार्ड में व्याप्त गंदगी में सुधार के लिए व्यवस्था कराए जाने की मांग की। साथ ही पूर्व में नगर स्वास्थ्य अधिकारी के आदेशों के बाद भी वार्ड में कोई सुधार न होने पर चिंता जताई है। वार्ड सभासद का आरोप है कि क्षेत्र में सफाई न होने के कारण गंदगी का आलम हर ओर व्याप्त है और संक्रमण फैलने की आशंका बन रही है। इस दौरान जनकपुरी क्षेत्र के प्रवीण कुमार, प्रमिता, बबली, रचना, रेखा आदि मौजूद रहे।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अंतिम सूची प्रकाशित




**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों के बीच शुरू जिला पंचायत की परिसीमन प्रक्रिया के बाद अब मुजफ्फरनगर जिला पंचायत को 43 के स्थान पर 40 वार्डों में विभाजित करते हुए अंतिम सूची का प्रकाशन करते हुए चस्पा कर दिया गया है। जनपद में यह बदलाव मुख्य रूप से मुजफ्फरनगर नगरपालिका परिषद् और खतौली सीमा विस्तार के चलते हुआ है, जिससे जिला पंचायत की भौगोलिक संरचना परिवर्तन के बीच खतौली ब्लॉक का वार्ड 30 गांवों के लिहाज से सबसे बड़ा वार्ड बना है, इसमें 21 गांव शामिल किए हैं, जबकि जनसंख्या के अन्तर्गत सदर ब्लॉक का वार्ड 6 सबसे बड़ा क्षेत्र है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय कमेटी द्वारा जिला पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन करते हुए अंतिम सूची प्रकाशित करते हुए जारी कर दी है। इसमें मुजफ्फरनगर व खतौली नगर पालिका के सीमा विस्तार में सदर, चरथावल व खतौली का ग्रामीण क्षेत्र नगरीय क्षेत्र में शामिल कर दिया है। इसके कारण जिला पंचायत के निर्धारण में भौगोलिक स्तर पर बदलाव हुआ है। जिला पंचायत राज अधिकारी के अनुसार वार्डों के पुनर्गठन के बाद प्रस्तावित स्वरूप पर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण करते हुए उक्त वार्डों के गठन की अंतिम सूची प्रकाशित करते हुए उसे चस्पा कर दी गई है।

## खाद्य विभाग की टीम ने लिए जिले में 8 संदिग्ध नमूने



**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से जनपद में शुरू अभियान के बीच कई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी करते हुए टीम ने नमूने जांच के लिए लिए। इस दौरान क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा। डीएम के निर्देश पर जनपद में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर आम जनमानस को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य-पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा नमूने एकत्रित किये गये। विगत दिवस सहायक आयुक्त खाद्य अर्चना धीरान एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिव कुमार मिश्र के नेतृत्व में विभागीय टीम ने बघरा के शिवचौक स्थित श्रीराम स्वीट्स एंड नमकीन से खाद्य पदार्थ क्रीम तथा दही का एक-एक विधिक नमूना संग्रहित किया। वहीं मौ. केवलपुरी कच्ची सड़क पुलिस चौकी के निकट स्थित मां जगदंबा मिष्ठान भंडार से घेवर का एक विधिक नमूना, राजन स्वीट्स केवलपुरी कच्ची सड़क से एक खोया का नमूना एवं महबूब स्वीट्स कच्ची सड़क से बर्फी का एक नमूना व चमचम का एक नमूना व निशांत स्वीट्स से एक घेवर और एक बर्फी का नमूने समेत कुल 8 नमूने संग्रहित कर खाद्य प्रयोगशाला लखनऊ को जांच के लिए प्रेषित किए। उन्होंने बताया कि जब्त नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वैभव शर्मा, विशाल चौधरी, सुनील कुमार तथा कुलदीप सिंह सम्मिलित रहे।

## विशाल भंडारे के साथ एसडी कॉलेज मार्किट में श्रीराम कथा महोत्सव संपन्न





**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** बीते 10 दिनों से नगर के एसडी कॉलेज मार्किट मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव का बुधवार को संपन्न भंडारे के बाद विश्राम हो गया। मंदिर में भक्ति, श्रद्धा और आनंद का अद्वितीय संगम रही श्रीराम कथा में कथा व्यास अरविन्द जी महाराज ने श्रीराम के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से भक्तों पर ज्ञानमयी अमृत वर्षा करते हुए धर्म और संस्कृति का श्रवण कराया गया। श्रीराम कथा महोत्सव के समापन अवसर पर आयोजन समिति की ओर से मंदिर प्रांगण में भंडारा आयोजित कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य रूप से कथा की यजमान चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, गौरव स्वरूप, आकाश कुमार, नीरज कुमार, अनुभव कुमार ने सपरिवार पूजन किया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व विधायक अशोक कंसल, अनिल नामदेव, राकेश कंसल, योगेश सिंघल, विजय तागरा, श्याम जसूजा, संजीव गोयल, अनुराग गर्ग, अजय मदान, केवल कृष्ण अरोरा, नरेश अरोरा, आकाश दीप, केवल राम चुघ, आकाश कक्कड़, अरविंद जैन, विपिन मित्तल, नरेश पोपली, पंकज गर्ग, अचिन कंसल, अजय ग्रोवर, अनिल गर्ग, रोमिल सिंघल, गोपाल छाबड़ा, सुभाष चुग्घ आदि का विशेष सहयोग रहा।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 4151, दिनांक 16/04/2022 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम आयांश (AYANSH) अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन -पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

निवेदक- कविन्द्र पाल
ग्राम व पोस्ट- बधाई खुर्द,
जिला- मुजफ्फरनगर M.: 8126110633

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 5750, दिनांक 21/06/2018 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम विराट अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

निवेदक- मनोज कुमार
ग्राम-बेहड़ा सादात, जिला- मुजफ्फरनगर
M.: 9927504028

# जनपद में रिमझिम बौछारों का सिलसिला जारी, 22.6 एमएम दर्ज हुई बारिश

**- जनपद समेत वेस्ट यूपी में येलो अलर्ट जारी, बारिश की संभावना - मौसम में बदलाव से मिल रही लोगों को गर्मी से बड़ी राहत**

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** समूचे उत्तर भारत में एक बार फिर से मानसून रफ्तार पकड़ रहा है। ऐसे ही हालातों में दिल्ली-एनसीआर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ पंजाब, उत्तराखंड, हरियाणा में अगले कुछ दिनों तक बारिश का शुरू सिलसिला जारी रहेगा। मौसम विभाग ने इस बीच कई राज्यों में भारी बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारों की चेतावनी दी है। दिल्ली-एनसीआर में ऐसे में 7 अगस्त को भी रुक-रुक कर बारिश होने के साथ ही अधिकतम तापमान में गिरावट आने और उमस से राहत मिलेगी। हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावनाओं के बीच में देश के कई राज्यों के लिए भी येलो व ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं पूर्वी और पश्चिमी जिलों में भी बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। कुछ इलाकों में भारी बारिश के साथ बाढ़ की स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को निचले इलाकों में सतर्क रहने और नदी-नालों के पास न जाने की चेतावनी दी है। मौसम के बदलते मिजाज के बीच समूचे उत्तर भारत में इस बार समय से एक सप्ताह पूर्व हुई मानसून की दस्तक नित नए मौसम में बदलाव दिखा रही है। ऐसे में दिल्ली-एनसीआर के साथ प्रदेश में मानसून की सक्रियता अभी भी बनी हुई है। मौसम विभाग ने कल गुरूवार यानी 7 अगस्त के लिए मुजफ्फरनगर समेत प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इन जनपदों में बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर समेत 6 जिलों के लिए भारी से भी बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ कुछ इलाकों में आकस्मिक बाढ़ का भी खतरा बना हुआ है, जिसके लिए लोगों को खास सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग की जारी भारी बारिश के येलो अलर्ट के बीच यूपी के जनपद बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर-खीरी, सीतापुर, संभल, हरदोई, बदायूं, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, अमरोहा और उसके आसपास के इलाकों में जारी बदलाव के बीच अधिकांश जलग्रहण क्षेत्रों में आकस्मिक बाढ़ का हल्के से मध्यम जोखिम भी बताया है, जिसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही ऐसे में वहां के लोगों को निचले इलाकों में न जाने की सलाह दी गई है। बुधवार को मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी के साथ 30 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 23.7 डिग्री सेल्सियस के साथ आर्द्रता 96 प्रतिशत दर्ज की गई। बुधवार को भी बारिश का आंकड़ा 22.6 एमएम दर्ज किया गया।

# पूर्ण उत्सव के रूप में मनाने जा रही भाजपा स्वतंत्रता का जश्न



**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** गांधीनगर स्थित भाजपा कार्यालय पर बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी की अध्यक्षता व बिजेंद्र पाल के संचालन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं अभियान के क्षेत्रीय संयोजक मानसिंह गोस्वामी रहे। मुख्य अतिथि मानसिंह गोस्वामी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व, सेना के पराक्रम व देशवासियों की एकजुटता से ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह सफल रहा है। उन्होंने इसे नए सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत की पहचान बताते हुए कहा कि हर भारतीय को इस पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी ने इस साल आ रहे स्वतंत्रता दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए तय कार्यक्रमों में आगामी 10, 11 व 12 अगस्त में भाजपा के सभी मंडलों में हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा आम जनमानस को अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ये यात्राएं शहीद स्मारक से शुरू होंगी। उन्होंने पूर्ण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों, स्वतंत्रता आन्दोलनों से जुड़े स्थानों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाए। सभी स्थानों पर पुष्पांजलि अर्पित की जाए। 13-15 अगस्त तक सभी घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराना पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सुनिश्चित किया जाए। 14 अगस्त को विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर मौन जुलूस व संगोष्ठी, विभाजन से प्रभावित लोगों से भेंट एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए। उन्होंने इसके लिए जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी के साथ मिलकर पार्टी कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपते हुए मंडल संयोजक मनोनीत किये।उन्होंने बताया कि 1982 में भाजपा के संसद में मात्र दो सांसद थे, लेकिन कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम व समर्पण के बल पर आज पार्टी पूरे देश में व्यापक रूप से स्थापित है। कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, जिला सहकारी बैंक सभापति रामनाथ ठाकुर, डॉ. सुभाष शर्मा, देवव्रत त्यागी, श्रीमोहन तायल, संजय गर्ग, रोहताश पाल, विजय सैनी, कार्तिक काकरान, अजय सागर, राजू अहलावत, मौहम्मद सलीम, सुंदर पाल, पवन अरोरा, विजय प्रजापति, साधना सिंघल, कविता सैनी, सुधीर खटीक, सचिन सिंघल, विशाल गर्ग, जगदीश पांचाल, बोबी सिंह, रविकांत प्रधान, हरेंद्र शर्मा, सचिन त्यागी, पिंटू त्यागी, प्रवीण खेड़ा, दीपक मित्तल, नंदकिशोर पाल, रक्षित नामदेव, सचिन सैनी, दिनेश पुंडीर और श्याम रहेजा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विवाहिता की हत्या के आरोप में करीब 14 माह से फरार पति व सास गिरफ्तार

**चरथावल, 06 अगस्त (बु.)।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या करने के आरोप में करीब 14 माह से फरार चल रहे पति व सास को पुलिस ने गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए पति व सास को जेल भेज दिया है। जनपद मेरठ थाना सरधना के गांव खेड़ा निवासी सत्यप्रकाश ने 28 मई 2024 को दर्ज कराये मुकदमे में बताया था कि उसकी पुत्री मोनिका की शादी ग्राम दूधली निवासी मोहित के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के साथ हुई थी। आरोप था कि मोनिका से उसके ससुराल वाले दिये गये दहेज के कारण खुश नहीं थे और अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने से नाराज ससुरालियों ने 24 मई 2024 को सुनियोजित ढंग से मोनिका की हत्या कर दी थी। मृतका के पिता ने पति मोहित, सास कुसुम, ससुर कुलभूषण व ननद वंदना के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था, तभी से सभी आरोपित फरार चल रहे थे। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि आरोपित पति मोहित व सास कुसुम ग्राम पचायरा थाना ट्रोनिका सिटी जनपद गाजियाबाद में मौजूद है। पुलिस पकड़े गए अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

# डीएम-एससपी व एसपी सिटी को बांधी राखी

**- हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत एसडी पब्लिक स्कूल में राखी प्रतियोगिता का आयोजन, सैनिकों के लिए भेजी राखियाँ**





**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बुस.)।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा 2025 अभियान के अन्तर्गत दिनांक 2 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक विभिन्न देशभक्ति गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। विद्यालय में इस अभियान की शुरूआत जोश और उत्साह के साथ हुई। विद्यालय द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर एसडी पब्लिक स्कूल में राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने रचनात्मक कौशल से सुंदर-सुंदर राखियाँ तैयार की, जिनमें प्रेम, सम्मान और समर्पण की झलक स्पष्ट थी। सोशल क्लब के अध्यापकों के साथ कक्षा पाँच की अविका गर्ग, पहल तथा रूही तायल राखी एवं मिठाई के साथ डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय वर्मा तथा पुलिस अधीक्षक (नगर) आदित्य बंसल के कार्यालय पहुँचे और उन्हें राखी बाँधी। इस आयोजन की विशेष बात यह रही कि छात्र-छात्राओं ने देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिक भाइयों के लिए भी राखियाँ तैयार की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोशल क्लब इंचार्ज विकेश गुप्ता एवं सहाना जैन का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या भारती तिवारी ने इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा बताया कि यह प्रयास देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर चंचल सक्सैना ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा देते है, बल्कि उनमें देश और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को जगाते हैं।

## डीएम की अध्यक्षता में आइजीआरएस शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जिला पंचायत सभागार में बैठक हुई संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बुस.)।** डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आज आइजीआरएस शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जिला पंचायत सभागार में बैठक संपन्न हुई। डीएम ने आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत-नगरीय, पीडी डीआरडीए, तहसीलदार-जानसठ व बुढ़ाना, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि प्रान्तीय खण्ड, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, जिला कमांडेंट होमगार्ड, उपनिदेशक मंडी, खंड विकास अधिकारी मोरना, उप जिलाधिकारी सदर, अधिशासी अभियंता सिंचाई, तहसीलदार, खतौली,तहसीलदार-बुढाना, तहसीलदार-सदर, उपजिलाधिकारी खतौली, उपजिलाधिकारी-सदर, जिला कृषि अधिकारी आदि सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण समय अंतर्गत किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कोई भी शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में ना हो पाए उससे पूर्व उसका निस्तारण सही ढंग से किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हो, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाए, यदि किसी विभाग द्वारा शिकायतों के निस्तारण मे लापरवाही बरती जाती है, तो उस विभाग के अधिकारी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देश दिए कि यदि किसी विभाग द्वारा ईस पोर्टल की शिकायतों में लापरवाही बरती जाती है तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह, सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।





संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## टूर्नामेंट मे हो रहे बहुत ही रोमांचक मुकाबले

**चरथावल, 06 अगस्त (बु.)।** चरथावल मलहुवाला मैदान पर चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में दर्शकों का हुजूम दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। टूर्नामेंट में जहाँ दूर दराज से टीमें एंट्री कर टूर्नामेंट की शोभा बढ़ा रही हैं, वहीं गत रात्रि जलालाबाद क्लब और प्रमोद क्लब के बीच बहुत ही रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। खिलाड़ी साकिर के गगनचुम्बी छक्के देखकर दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया और साकिर के बल्ले से मानो छक्के नहीं रनों की बरसात हो रही थी और मैदान पर दर्शकों की भारी भीड़ खिलाड़ियों का पूरा-पूरा उत्साहवर्धन कर रही थी। दस-दस ओवरों के होने वाले मैच में रनों की पूरी बारिश हुई। चेयरमैन पद के भावी उम्मीदवार प्रमुख समाजसेवी मास्टर रय्यान ने फीता काटकर मैच का शुभारम्भ किया और खिलाड़ियों से परिचय किया और कहा कि खेलों से ही हमारा शरीर सही रह सकता है। शरीर को फिट रखने और अपनी प्रतिभा को निखारने का पूरा-पूरा अवसर हमें खेलों से मिलता है। इस दौरान प्रमुख समाजसेवी डॉ. नौशाद, गुलफाम उर्फ काला मेंबर, आसिफ त्यागी डायरेक्टर, मुरसलीन बक्शी, सलीम मेंबर, सादिक त्यागी, युवा नेता मोईन त्यागी, मोनू त्यागी, अथर त्यागी, शौकीन मेंबर, फिरोज अंसारी सभासद, प्रवेज मेंबर सहित दर्शकों की भारी भीड़ मौजूद रही।

# किनारों से बाहर आई सोलानी नदी, अलर्ट मोड पर प्रशासन

**भोपा, 06 अगस्त (बु.)।** मूसलाधार बारिश के प्रकोप के चलते खादर क्षेत्र के निचले स्थानों पर पानी भर गया है। खेतों के पानी में डूब जाने के बाद अब पानी ने आबादी का रुख किया है। कुछ मकानों के अंदर पानी जाने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा है, वहीं पुलिस तथा प्रशासन स्थिति पर नजर बनाये हुए हैं। मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर, खैर नगर, महाराज नगर, सिताबपुरी मे बुधवार को बारिश का पानी खेतों में घुस गया है। ग्राम प्रधान योगेश चौहान ने बताया कि गांव मजलिसपुर तौफीर में ग्रामीण बिश्मबर सैनी, रोहित सैनी, शेखर चौहान, सोहनवीर चौहान, शेरसिंह चौहान के घरों में पानी घुस आया है, जिससे इन ग्रामीणों को घर का सामान अन्य स्थान पर ले जाना पड़ा है। सोलानी नदी किनारों से बाहर हो गयी है। गांव के पहले तीन स्थानों पर मुख्य मार्ग जलमग्न हो गया। पंचायत सहायक कुलदीप कुमार ने बताया कि मनोज सैनी, शीश पाल सिंह पाल के घरों में भी पानी घुस आया है। इन ग्रामीणों को पशुओं को दूसरे स्थानों पर ले जाना पड़ा है। ग्रामीण ज्ञानेंद्र सिंह, महेन्द्र सिंह चौहान, मदन सैनी, मोनू, अमित, दीपक सैनी, राहुल आदि ने बताया कि अगर और बरसात हुई, तो बाढ़ के हालात पैदा हो सकते हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि गांव मजलिसपुर तौफीर, महाराज नगर, खैर नगर, सिताबपुरी सहित उत्तराखंड सीमा तक चौकसी जारी है। बाढ़ की किसी भी आशंका को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है।





## पानी में डूबे घाट के कारण श्रद्धालु परेशान, जलकुंभी ने मचाया घमासान

**भोपा, 06 अगस्त (बु.)।** भारी बारिश के चलते सोलानी नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है, जिसके चलते शुकतीर्थ के घाट डूब गए हैं। जलस्तर इतना बढ़ा हुआ है कि पानी पुल को छूने के लिए बेताब नजर आ रहा है। बढ़े जलस्तर के कारण तीर्थनगरी में श्रद्धालुओं की संख्या में भी भारी कमी देखी जा रही है। वहीं दूसरी ओर पीछे से बहकर आ रही जलकुंभी ने समस्या और बढ़ा दी है। प्रशासन किसी तरह जलकुंभी निकलवाकर हालात सामान्य करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन अगर बारिश न रुकी, तो बाढ़ जैसे हालातों से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## सात साल बाद चीन जाएंगे पीएम मोदी, गलवान झड़प के बाद होगा पहला दौरा



**नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक तियानजिन शहर में आयोजित होने वाले क्षेत्रीय शिखर सम्मेलन शंघाई सहयोग संगठन में भाग लेने के लिए चीन जाने वाले हैं। 2020 में गलवान झड़प के बाद यह उनकी पहली चीन यात्रा होगी। उन्होंने पिछली बार 2019 में चीन का दौरा किया था। आपको बता दें कि पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। जयशंकर ने जल संसाधन डेटा शेयर करने, व्यापार प्रतिबंधों, एसएसी पर तनाव कम करने और आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने जैसे मुद्दों पर बात की थी। इस मुलाकात ने मोदी की चीन यात्रा का रोडमैप तैयार किया था। मोदी और जिनपिंग ने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत भी हुई थी। 50 मिनट की बातचीत में पीएम मोदी ने कहा था कि 'सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता हमारे संबंधों की नींव बनी रहनी चाहिए।

## पाकिस्तान के जिहादी जनरल आसिम मुनीर की खुली आतंकी पोल, शमा परवीन पर एटीएस का बड़ा खुलासा



**अहमदाबाद, 6 अगस्त (एजेंसी)।** पाकिस्तानी सेना के जनरल आसिम मुनीर आतंक को बढ़ावा देते हैं। यह बात किसी से छिपी नहीं है। आज गुजरात एटीएस के हत्थे चढ़ी शमा परवीन ने बड़ा खुलासा किया है। जानकारी के अनुसार गुजरात एटीएस ने अल-कायदा के ऑनलाइन टेरर मॉड्यूल का भंडाभोड़ करते हुए 5 आतंकियों को अरेस्ट किया था। एटीएस ने देश के विभिन्न हिस्सों से चार युवकों को दबोचने के बाद बेंगलुरु से शमा परवीन को अरेस्ट किया था। एटीएस के द्वारा शमा परवीन के सोशल मीडिया अकाउंट की जांच जारी है। जांच में गुजरात एटीएस को ऐसे पोस्ट मिले हैं। जिनसे शमा परवीन के कट्टरपंथी होने और देश विरोधी गतिविधियों के लिप्त होने की पुष्टि हो रही है। एटीएस को ऐसी पोस्ट मिली है। जिससे शमा परवीन का आसिम मुनीर कनेक्शन सामने आया है। एटीएस के अनुसार शमा परवीन ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सोशल मीडिया पर लगातार भारत के खिलाफ जहर फैला रही थी। गुजरात एटीएस को शमा परवीन के कई ऐसे पोस्ट मिले हैं जो उसने 7 से 10 मई के बीच शेयर किए थे। जिनमें पाकिस्तान का खुला समर्थन और भारत के खिलाफ नफरत भरे संदेश शामिल हैं। इन सबके बीच सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि शमा ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर से गजवा-ए-हिंद शुरू करने की अपील की थी। उसने कहा था कि अब समय आ गया है जब पाकिस्तान को भारत में खिलाफत प्रोजेक्ट को लागू करने की दिशा में कदम उठाने चाहिए।

# पालिका टैक्स से जारी हुआ फर्जी किराएदारी सर्टिफिकेट

- संपत्ति स्वामी ने किया हंगामा, लगाये कर्मियों पर गंभीर आरोप
- ईओ ने प्रकरण में तलब की रिपोर्ट, होगी मामले की जांच

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** नगरपालिका परिषद् में अधिकारी-कर्मी कितने निरंकुश हो गए हैं, इसका लगातार सामने आ रहे मामले खुद चुगली करते दिख रहे हैं। ताजा मामले में नगर पालिका के टैक्स विभाग से एक निजी अचल संपत्ति में फर्जी रूप से किराएदारी सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया। इसमें बड़ा खेल करने के आरोप लगाये गये हैं। इसी सर्टिफिकेट के सहारे व्यक्ति ने संपत्ति पर कोर्ट में दावा कर दिया। मामला खुला तो संपत्ति स्वामी ने परिजनों के साथ नगर पालिका पहुंचकर टैक्स विभाग में हंगामा किया और सर्टिफिकेट को निरस्त कराते हुए कार्यवाही की मांग की। ईओ ने प्रकरण का गंभीर संज्ञान लेकर पूरी रिपोर्ट तलब कर जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

मौहल्ला खालापार स्थित एक निजी संपत्ति नगरपालिका परिषद् में मकान संख्या 1073 के अन्तर्गत दर्ज है। इस संपत्ति को लेकर विवाद सामने आया है। बुधवार को सम्पत्ति के स्वामी ने परिजनों के साथ पालिका पहुंचकर हंगामा किया। संपत्ति स्वामी ने टैक्स विभाग के अफसरों और कर्मियों पर मिलीभगत के चलते उनके नाम पंजीकृत अचल सम्पत्ति के लिए किरायेदारी सर्टिफिकेट एक अन्य व्यक्ति के नाम जारी कर दिया, जबकि उनकी सम्पत्ति पर कोई किरायेदारी नहीं है। न ही इसका कोई रिकॉर्ड पालिका के पास उपलब्ध है। हंगामे के बीच लगे गंभीर आरोपों में पूरी पालिका में हड़कम्प की स्थिति बन गई। जांच पड़ताल में नगरपालिका में पंजीकृत अचल संपत्ति नं. 1073 के लिए किरायेदारी सर्टिफिकेट जारी पाया गया। सूत्रों के अनुसार यह सर्टिफिकेट कार्यवाहक कर अधीक्षक की ओर से जारी किया है, जब सम्पत्ति स्वामी ने उनसे जवाब तलब किया तो इसमें भारी गड़बड़ी और साजिश सामने आई है। हालांकि सभी एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं, लेकिन इसमें टैक्स विभाग के एक लिपिक और एक अन्य कर्मी की मिलीभगत सामने आई है। इसी कर्मचारी ने लिपिक के साथ मिलकर अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर यह फर्जी सर्टिफिकेट जारी किया है। डिस्पैच रजिस्टर में तैनात महिला कर्मचारी के बजाऐ इसी कर्मचारी की लिखावट दर्ज पाई गई है। पीड़ित व्यक्ति ने फर्जी सर्टिफिकेट को निरस्त करने और जांच की मांग की है, उनसे एक दिन की मोहलत मांगी गई है।



**नगर पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह** ने इस प्रकरण में बताया कि यह उनके संज्ञान में आया है, मामला बेहद ही गंभीर है, जिसमें टैक्स विभाग से उन्होंने पूरी रिपोर्ट तलब की है। जांच कराई जायेगी, यदि दोष साबित होता है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जांच के बाद इस मामले में कुछ कहा जा सकता है।

# स्लो कनेक्टिविटी के चलते बहनों ने डाकघर से किया किनारा, ले रही हैं निजी कोरियर का सहारा

### एडवांस पोस्टल टेक्नोलोजी 2.0 में अपडेट के कारण स्लो चल रहा है नेटवर्क, लग रही हैं डाकघरों में लंबी-लंबी कतारें

**मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (एजेंसी)।** यूं तो आधुनिकीकरण के समय में लोग आजकल निजी सेवाओं का सहारा लेते हैं। चाहे सामान भेजना हो या मंगवाना हो उसके लिये ऑनलाइन सेवाओं का सहारा लिया जाता है, लेकिन आज भी हमारे ग्रामीण स्तर का एक बहुत बड़ा तबका है, जो डाकघरों की मदद लेता है। ऐसे में आप हिंदुओं के त्यौहार रक्षाबंधन को ही ले लीजिए, जिन बहनों के भाई दूर-दराज क्षेत्रों में रहते हैं, वो आज भी राखी बाई-पोस्ट ही भेजती हैं। ऐसे में अगर पोस्ट ऑफिस की कनेक्टिविटी धीमी हो, तो आप समझ सकते हैं, समय तो खराब होता ही है, लेकिन साथ ही उमस भरी गर्मी में भारी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है। ऐसा ही हाल पिछले दो दिनों में मुजफ्फरनगर जनपद के डाकघरों में देखने में मिल रहा है। जनपद के सभी डाकघरों में सिस्टम स्लो होने के कारण राखी भेजने आ रही बहनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। डाकघरों में लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं। सुबह से ही भीड़ देखने को मिल रही है। बुलेटिन की टीम ने निजी कोरियर सेवा देने वाले कुछ कम्पनियों से भी जानकारी ली, तो पता चला कि डाकघरों में कनेक्टिविटी स्लो होने के कारण उनके पास राखी भेजने वालों की संख्या में पिछले दो दिनों में बढ़ोतरी हुई है। पहले एक दिन में जहां मात्र 50-60 लोग ही राखी भेज रहे थे, वहां आजकल के दिनों में 100 से 150 लोग राखी निजी कोरियर के माध्यम से भेज रहे हैं। इसका मतलब साफ है कि एक समय पर जो बहनें राखी भेजने के लिये सिर्फ डाकघरों का सहारा लेती थी, वो आज के समय में जब डाकघर में कनेक्टिविटी स्लो हो रही है, तो कहीं ना कहीं परेशान होकर निजी कोरियर सेवा का सहारा ले रही हैं। ऐसा भी नहीं है कि डाक विभाग किसी तरह की कोई लापरवाही बरत रहा हो। सुबह 7 बजे से डाककर्मी एक्टिव हो जा रहे हैं। डाकघर के कर्मियों की कोशिश यह रही है कि प्रतिदिन जो डाक आए उसको समय से डिलीवर किया जाये, नहीं तो एक वैसा भी समय रहा है, जब राखी को हुए एक-एक महीना हो जाता था, तो भी बहन की राखी भाई तक नहीं पहुंचती थी। अब ऐसे में अगर यूं ही कनेक्टिविटी धीमी रही, तो आने वाले समय में डाक सेवाओं पर जनता यकीन करना छोड़ देगी, जिससे सरकारी तंत्र को भारी नुकसान हो सकता है। वैसे इस मामले में नई मंडी डाकघर के हैड ऑफिसर प्रवीण कुमार से बुलेटिन संवाददाता ने बात की, तो उन्होंने बताया कि सिस्टम की अपडेशन पूरे देश में चल रही है, जिसके कारण सिस्टम स्लो हो रहे हैं। जैसे ही इसका काम पूरा हो जाएगा ग्राहकों की सारी दिक्कत दूर हो जाएगी।




# स्वामी प्रसाद मौर्या को युवक ने पहनाई माला, फिर जड़ दिया जोरदार तमाचा, वीडियो हो रहा है वायरल

**रायबरेली, 6 अगस्त (एजेंसी)।** स्वामी प्रसाद मौर्या के साथ कुछ अलग हो जाये, तो यह पहली बार नहीं है, क्योंकि वैसे भी मौर्या उल्टे सीधे बयान देते हैं, तो कई संगठन इनसे नाराज रहते हैं। आज भी स्वामी प्रसाद मौर्या के साथ कुछ ऐसा ही हुआ है। रायबरेली में स्वामी प्रसाद मौर्य पर करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने हमला कर दिया। रोहित द्विवेदी नाम के युवक ने पहले स्वामी प्रसाद को माला पहनाई, फिर सिर पर पीछे से हाथ मारकर भागने लगा। स्वामी प्रसाद अचानक चीखे, तो कार्यकर्ता अलर्ट हो गए। उन्होंने मौके से भाग रहे युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया। उसे गिराकर बुरी तरह पीटा। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने बामुश्किल भीड़ से उसे बचाया। स्वामी प्रसाद के समर्थकों ने युवक को इतना पीटा कि वह खून से लथपथ हो गया। हमले की वजह पूछने पर उसने कहा- मैं करणी सेना से जुड़ा हूं। स्वामी प्रसाद ने ब्राह्मण जाति को कई बार गाली दी। सनातन धर्म के खिलाफ बोलते हैं। भगवान राम के खिलाफ बोलते हैं, इसलिए हमला किया। स्वामी प्रसाद फतेहपुर जा रहे थे। रास्ते में रायबरेली में रुके थे, तभी उन पर हमला हुआ। घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र के सारस चौराहे की है। हमले के बाद स्वामी प्रसाद ने कहा कि करणी सेना के नाम पर कुछ कीड़े-मकौड़े योगी सरकार की कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे हैं। सरकार गूंगी-बहरी और अंधी बनकर तमाशा देख रही। ये हमला पुलिस की मौजूदगी में हुआ, जो दिखाता है कि गुंडे-माफिया कितने बेखौफ होकर घूम रहे।



## अमेरिका से दुश्मनी मंजूर, मगर रूस से नहीं तोड़ेंगे दोस्ती, मोदी का ट्रंप को सीधा संदेश

**नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसी)।** भारत अपने परंपरागत दोस्त रूस को गंवाना नहीं चाहेगा। रूस से तेल खरीदने पर भले ही अमेरिका धमकी दे, मगर भारत डरने वाला नहीं है। यही कारण है कि भारत ने न तो रूस से तेल मंगाना बंद किया और न ही अमेरिका से किसी तरह की 'भीख' मांगी है। उल्टा रूस से संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दो आला 'कमांडर' राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस जयशंकर को कमान सौंपी है। डोभाल तो मॉस्को के दौरे पर पहुंच गए हैं, वहीं जयशंकर भी अगस्त के आखिर में रूस का दौरा भी करेंगे। जानते हैं भारत-रूस संबंधों को लेकर अमेरिका के पड़ोस में क्या खिचड़ी पक रही है? इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत रूस से पांचवीं पीढ़ी के एसयू-57 फाइटर जेट भी खरीदने का प्लान बना रहा है। भारत र-400 के लिए एमआरओ फैसिलटी बनाने की योजना बना रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद ऐसी खबरें आई थीं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को एफ-35 फाइटर जे देने का ऑफर दिया था। मगर, भारत ने अभी तक विचार नहीं किया है। इस विमान को कभी ट्रंप के सहयोगी रहे स्पेस-एक्स के मालिक एलन मस्क भी कबाड़ बता चुके हैं। माना जा रहा है कि भारत ने अमेरिका के एफ-35 के मुकाबले रूस के एसयू-57 फाइटर जेट की खरीद में दिलचस्पी दिखाई है।



## नकली उर्वरक ब्रांडेड कम्पनियों के बैगों में पैक कर सप्लाई करने वाले दो वांछित गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (एजेंसी)।** शहर कोतवाली पुलिस ने नकली उर्वरक तैयार कर ब्रांडेड कंपनियों के बैगों में पैक कर सप्लाई करने वाले दो वांछितों को गिरफ्तार किया है। आपको बता दें कि जून में कृषि अधिकारी ने टीम के साथ छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली उर्वरक पकड़ा था। इस सम्बंध में शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। शहर कोतवाली प्रभारी उमेश रोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कि 22 जून को कृषि विभाग की टीम ने पुलिस बल को साथ लेकर रुड़की रोड स्थित एक गोदाम से ब्रांडेड कम्पनियों के बैग में नकली कीटनाशक, उर्वरक व बीज पकड़ा था। पुलिस ने पकड़े गए माल के नूमने लेकर गोदाम को सील कर दिया था। इस मामले में जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया ने 23 जून को शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने गोदाम से मालिक अमित कश्यप निवासी कूकड़ा को मौके से गिरफ्तार कर लिया था। बुधवार को शहर कोतवाली पुलिस ने बामनहेड़ी पुल के पास से अरविंद उर्फ राहुल निवासी पटेलनगर थाना नई मंडी व उमाशंकर निवासी मोहल्ला रैदासपुरी थाना सिविल लाइन को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी उमाशंकर गोदाम में खाद बनाने व अन्य जिलों में सप्लाई करने का कार्य करता था, जबकि आरोपी अरविंद गोदाम में प्रबंधक के रूप में कार्यरत था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों का पूछताछ के बाद चालान कर दिया।

आवश्यकता है
महिला चिकित्सक गायनी (MBBS)
महिला चिकित्सक (BAMS)
दो ट्रेंड नर्स
एक एम्बुलेंस ड्राईवर
ग्रेन चैम्बर हॉस्पिटल
नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
M.: 9927003400

## सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी,

### 'बोला- रजिस्ट्रेशन मात्र से संस्था का सार्वजनिक विश्वास खत्म नहीं होगा'

**नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट पर बड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि सोसाइटी 'कंस्ट्रक्टिव ट्रस्ट' के रूप में योग्य है, तो उसके विरुद्ध सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (सीपीसी) की धारा 92 के तहत प्रतिनिधि वाद दायर करने पर कोई रोक नहीं है, बशर्ते कि वह सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत हो। किसी सोसाइटी के सार्वजनिक ट्रस्ट के गुण प्राप्त कर लेने के बाद, सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम के तहत उसका पंजीकरण मात्र उन संपत्तियों के स्वरूप को नहीं बदलेगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने विवादित निष्कर्षों को स्वीकार करते हुए कहा कि यदि सोसाइटी के कार्य अपनी संरचना, सार्वजनिक वित्त पोषण और धर्मार्थ उद्देश्यों के आधार पर ट्रस्ट के कार्यों के अनुरूप हैं, तो सोसाइटी की अनियमितताओं के विरुद्ध एक प्रतिनिधि वाद सोसाइटी के विरुद्ध विचारणीय होगा। न्यायालय ने कहा, "जब संस्था (सोसाइटी) को कोई औपचारिक मान्यता नहीं दी गई है, तो ट्रस्ट के निर्माण का अनुमान संबंधित संस्था/ इकाई के अस्तित्व में आने और उसके संचालन से जुड़ी प्रासंगिक परिस्थितियों से लगाया जा सकता है।" न्यायालय ने प्रासंगिक परिस्थितियों की एक अस्थायी सूची तैयार की है, जो यह संकेत दे सकती है कि सोसाइटी को 'कंस्ट्रक्टिव ट्रस्ट' माना जा सकता है।

# कोयला व्यापारी की गायब फार्चूनर कार व 13.65 हजार रुपये की नकदी सहित चालक गिरफ्तार

**खतौली, 06 अगस्त (बु.)।** मंगलवार को उस समय दिल्ली के कोयला व्यापारी आयुष जैन पुत्र विनय जैन की गाड़ी व 13.65 हजार रूपये की नगदी चालक सहित गायब हो गयी थी। जैसे ही कारोबारी ने पुलिस को इसकी सूचना दी तो पुलिस में हड़कम्प मच गया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने उक्त मामले में टीम गठित कर तुरंत हाथोहाथ कार्यवाही को अंजाम दिया, जिसमें पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी और चालक प्रेम सहित तीन ने फारर्चूनर गाडी व 13.65 हजार रूपये की पूरी रकम आरोपी से बरामद कर ली। कोयला व्यापारी आयुष जैन का बताना है कि वह दिल्ली के सरिता विहार शकरपुर का निवासी है और ईंट-भटटों पर कोयला सप्लाई का काम करता है। उक्त घटना उसके साथ तब हुई जब मंगलवार की दोपहर भटटा व्यापारियों से अपनी पेमेंट लेने के बाद अपने चाचा मोहन के साथ खतौली बाइपास स्थित एक ढाबे पर खाना खाने के लिए रूक गये। जब वें खाना खाने के लिए ढाबे पर बैठे और अपनी गाड़ी के ड्राइवर प्रेम को भी खाना खाने के लिए फोन किया तो ड्राइवर का फोन बंद आया। आयुष ने ढाबे के बाहर आकर प्रेम को देखा तो उसके होश उड़ गये, क्योंकि आयुष की फारर्चूनर गाड़ी, 13.65 हजार रूपये की नगदी सहित ड्राइवर गायब हो चुका था। उक्त मामले की पूरी जानकारी कोयला व्यापारी ने खतौली सीओ रामाशीष यादव सहित जिले के एसएसपी को दी, तो इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार की अगुवाई में 176 सीसीटीवी कैमरे चैक किये गये। पुलिस की माने तो एक ही दिन में मेरठ के लावड व दिल्ली तक पहुंच गयी। भागदौड़ के बाद आरोपी चालक प्रेम उर्फ प्रमेश्वर यादव निवासी बिहार को खतौली के सफेदा रोड अंडरपास के पास से पूरी नगदी के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। बुधवार को प्रेस वार्ता के बाद सीओ रामाशीष यादव एवं प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार शर्मा ने आरोपी को मीडिया के सामने पेश किया और उसने अपना जुर्म कबूल किया। उक्त मामले में पुलिस टीम को एसएसपी द्वारा 25 हजार रूपये के ईनाम की घोषणा की गयी।



# अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये का सामान चुराया

**बुढ़ाना, 6 अगस्त (बु.)।** अज्ञात चोरों ने एक मकान से 01 लाख 60 हजार रुपये की नगदी और 04 लाख रुपये के सोने चांदी के आभूषण चोरी करके पूरे गांव में सनसनी फैला दी। इस घटना की सूचना पर पुलिस में भी हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अस्त-व्यस्त हुए सभी सामान को उठवाकर गृह स्वामी को शीघ्र ही उक्त चोरी के खुलासे का आश्वासन दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के दौरान मकान में कोई नहीं था सब दूसरे मकान में सोए हुए थे। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के मंदवाड़ा गांव में कबाड़ी का काम करने वाले आजाद राना पुत्र हाजी हनीफ का मकान सरकारी स्कूल के पास है। पूरे दिन आजाद का परिवार मकान में रहता है और रात होते ही पास में स्थित दूसरे मकान में सोने चला जाता है। बीते मंगलवार को ऐसे ही हुआ। परिजन दूसरे मकान में सोने चले गये और उधर अज्ञात चोरों ने आज बुधवार की अर्धरात्रि 2 बजे घर में रखी 1 लाख 60 हजार रुपये की नगदी व 4 लाख रुपए की कीमत के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिये। चोर मकान की दीवार फांदकर मकान के अंदर घुसे और कमरे के बाहर लगा हुआ ताला तोड़कर नगदी व जेवरात चोरी की। घटना का पता आज बुधवार की सुबह तब लगा, जब आजाद की पत्नि साहिबा बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करने के लिए मकान के अंदर आई और कमरे का सामान अस्त व्यस्त देखा, तो उसने चीख मारी। चीख पुकार सुनकर आजाद और मौहल्ले के अन्य लोग मौके पर आए और सामान को अस्त व्यस्त देखा, तो उन्हें समझते हुए देर नहीं लगी। आजाद राना ने घटना की सूचना फोन पर पुलिस को दी तो मौके पर गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कुमार कसाना आए और घटनास्थल का मुआयना कर गृहस्वामी आजाद से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने अस्त-व्यस्त सामान हटवाकर आजाद को शीघ्र ही घटना के खुलासे का आश्वासन दिया। घटना को लेकर पूरा गांव डरा हुआ है।



## सीतापुर में मंत्री ने ट्रांसफॉर्मर रस्सी से खींचा, जेई सस्पेंड

**सीतापुर, 6 अगस्त (एजेंसी)।** सीतापुर में जेई ने ट्रांसफॉर्मर उतारने मना कर दिया। राज्यमंत्री सुरेश राही से कहा- आप खुद स्टोर तक ले जाइए, इसके बाद बदला जाएगा। नहीं तो जब मुझे समय मिलेगा, तब बदलूंगा। मंत्री सुरेश राही ने ग्रामीणों के साथ मिलकर रस्सी खींचकर खराब पड़े ट्रांसफॉर्मर को नीचे उतरवाया। पिकअप में लादकर पावर हाउस पर पहुंचे। विद्युत विभाग की एमडी को फोन मिलाया, तो स्टाफ ने कहा कि मैडम व्यस्त हैं, और बात नहीं करवाई। इस पर नाराज मंत्री पावर हाउस में धरने पर बैठ गए। जानकारी मिलते ही ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने जेई रमेश मिश्रा को निलंबित कर दिया। मामला विकासखंड हरगांव क्षेत्र का है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मामले की जानकारी मिलते ही जेई रमेश मिश्रा को सस्पेंड कर दिया। उन्होंने कार्रवाई को लेकर एक्स पर लिखा- राज्य सरकार में माननीय राज्यमंत्री सुरेश राही के साथ सीतापुर जिले के विद्युत विभाग के हरगांव के जूनियर इंजीनियर द्वारा अविवेकपूर्ण व्यवहार बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। साथ ही उक्त जेई की जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनहीनता और अपने कार्य में शिथिलता भी अक्षम्य है। इसके लिए जेई रमेश मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।




## घर की कच्ची छत गिरी, मेहमान बाल-बाल बचे

**बुढ़ाना, 6 अगस्त (बु.)।** लगातार दस दिन से हो रही हल्की-फुल्की बारिश के कारण एक मकान की कच्ची छत का सारा मलबा कड़ियों समेत टूटकर नीचे आ गिरा, जिसमें बैठे मेहमान और परिवार बाल-बाल बच गया। मिली जानकारी के अनुसार विधवा महिला दूली पत्नी जीजू अंसारी के मकान की कड़ियों की कच्ची छत पिछले लगातार दस दिनों से हो रही हल्की-फुल्की बारिश होने के कारण खिल गयी, जो आज बुधवार की सुबह गिर गयी। जिस वक्त छत का मलबा नीचे गिरा, उस वक्त मकान में मेहमान और दूली की पुत्रियां बैठी हुई थी। यह तो गनीमत रही कि कच्ची छत का मलबा किसी के ऊपर नहीं गिरा, क्योंकि मलबा गिरते ही सभी तेजी से बाहर निकल आए थे। शोर- शराबा सुनकर मौके पर मौहल्ले के लोग आए और छत के गिरे हुए मलबे को देखकर अफसोस जाहिर किया। इस मलबे में हजारों रुपये की कीमत का घरेलू सामान भी दबकर नष्ट हो गया। विधवा दूली बहुत ज्यादा गरीब बताई गयी है। कई ग्रामीणों ने एसडीएम बुढ़ाना से पीड़िता महिला दूली को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है, ताकि उक्त महिला अपनी पुत्रियों के साथ मकान में रहकर अपना जीवन गुजर-बसर कर सके। इस घटना की सूचना अधिकारियों को भी मिल गयी थी, पर समाचार लिखे जाने तक कोई मौके पर नहीं पहुंचा था।



### युवती से छेड़छाड़, विरोध पर भाई से मारपीट

**भोपा, 6 अगस्त (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने थाने पर पहुंचकर बताया कि बुधवार की देर शाम वह अस्पताल से घर वापस आ रही थी, तभी उसके मोहल्ले के ही तीन आरोपियों ने उसके साथ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। आरोपियों से पीछा छुड़ाकर युवती अपने घर आ गई लेकिन आरोपी उसके पीछे-पीछे घर में घुस आए और बदनीयती से उसे दबोचने का प्रयास किया। युवती ने आरोपियों का विरोध करते हुए शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर आ गए। युवती ने परिजनों के घर लौटने पर उन्हें मामले की जानकारी दी, जिसके बाद पीड़िता के भाई ने आरोपियों के पिता से मामले की शिकायत की, जिस पर आरोपियों के पिता ने आरोपियों का पक्ष लेते हुए उसके साथ गाली गलौच करनी शुरू कर दी और मौके पर आए आरोपियों के साथ मिलकर पीड़िता के भाई से भी मारपीट कर डाली। पीड़िता ने आरोपियों को दबंग और पुलिस पर हमले के आरोपी बताते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घटना में कार्रवाई में जुट गई है।

दर्द से परेशान - गठिया से सावधान
क्या आपको कपड़े निचोड़ने में हाथों में दर्द होता है ?
क्या आपको आटा गूंथने में हाथों में दर्द होता है ?
यदि आपको डिब्बा खोलने/बन्द करने/ वाहन चलाने/लिखने/मोबाईल/ कम्प्यूटर चलाने या दैनिक क्रियाकलाप करने में अंगुलियों, कलाइयों, कोहनी या कन्धों में दर्द होता है, तो आपको गठिया हो सकती है।
हाथों एवं पैरों की अंगुलियों में दर्द एवं हाथों में झनकार
एड़ी में दर्द
घुटनों में दर्द
कूल्हों में दर्द
कमर में दर्द
कंधों में दर्द
कोहनी में दर्द
सूजन
सुन्नपन
लालिमा
अकड़न
लगातार बुखार
कमजोरी
नित्यकर्म करने में परेशानी
चलना-फिरना उठना-बैठना तक मुश्किल होना
तो यह गठिया के लक्षण हैं।
उचित परामर्श एवं इलाज के लिए संपर्क करें
मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली से गठिया रोग विशेषज्ञ
डॉ. आलोक कल्याणी
रविवार, 10 अगस्त, 2025
सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
MBBS, MD (Medicine)
AFIH Fellow
Sr. Consultant Rheumatologist
हिन्द सुपर स्पेशियलिटी मेडीकेयर सेंटर
मेन रोड नं.1, सदर बाजार, मुजफ्फरनगर 7300535334

25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE | MAX Healthcare
मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली (ग़ाज़ियाबाद) के श्रेष्ठ हड्डी रोग एवं रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ से परामर्श, अब आपके शहर मुज़फ़्फ़रनगर में
डॉ. निकुंज अग्रवाल
एसोसिएट डायरेक्टर - ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट
शुक्रवार, 8 अगस्त 2025
सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे
एस. के. बी. आरोग्यम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मुज़फ़्फ़रनगर
समस्याएँ: घुटने एवं कंधे में दर्द, हाथ व पैर की विकृति, लम्बे समय तक खड़े रहने से घुटनों में दर्द होना, गठिये का दर्द, चोट या बीमारी के बाद जोड़ों का न चलना, कंधे या घुटनों पर लिगमेंट की चोट
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: +91-82188 74540
www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर-1, वैशाली, गाज़ियाबाद - 201012, (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000